मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

# PGDT-03

# अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

# ( पी. जी. डी. टी. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2023

## पी.जी.डी.टी.-03 : व्यावहारिक अनुवाद के विविध स्तर और क्षेत्र

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या **1** का उत्तर लगभग **750** शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख दिए गए हैं।*

---

1. सारानुवाद के अर्थ और आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए इसकी प्रक्रिया की चर्चा कीजिए। 20

**अथवा**

'शब्द का अर्थ, शब्द संयोग में उसके प्रयोग के द्वारा निर्धारित होता है।' इस कथन की विस्तृत विवेचना कीजिए।

**P. T. O.**

2. (क) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 10

(i) Rapid improvement in technology has been one major factor that has stimulated the globalization process.

(ii) Shri XYZ is advised to submit his formal application for pension in the enclosed form immediately, otherwise the grant to pension to him is likely to be delayed.

(iii) According to Bernier, one of the fundamental difference between Mughal India and Europe was the lack of private property in land in the former.

(iv) Leave Travel Concession (LTC) was originally approved for Srinagar but the journey has been undertake up to Jammu.

(v) The year 1947 was a year of unprecedented violence and trauma of displacement.

(ख) निम्नलिखित वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 10

(i) किसी भी समावेशी समाज की जरूरतों को पूरा करने के लिए निर्बाध प्रतिभागिता को बहुत अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है।

(ii) किसी ग्रेड या वेतनमान में किसी अधिकारी की वरिष्ठता उस ग्रेड या वेतनमान में उसकी नियुक्ति की तारीख को लेकर गिनी जाती है।

(iii) पश्चिमी देशों में आधुनिकीकरण के कारण पुरानी सामाजिक संरचना टूटी और पूँजीवाद तथा उदारवाद का उदय हुआ।

(iv) यह पद फिलहाल ........................ तक मंजूर किया गया है, किन्तु इसके अनिश्चित काल तक बने रहने की संभावना है।

(v) नागरिकों की पेयजल संबंधी माँग को पूरा करने के लिए, पानी के बुनियादी ढाँचे के निर्माण हेतु सार्वजनिक निवेश बढ़ाने की जरूरत है।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** अनुच्छेदों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : $15 \times 3 = 45$

(क) In Chhattisgarh, Election Commission has made all arrangements to ensure free, fair and peaceful polling in first phase of assembly election tomorrow. 72 constituencies spread over 19 districts are going to poll in this phase. Voting will begin at 8 a.m. and will continue till 5 p.m. About 600 companies of Para-military forces have been deployed. 1079 candidates, including 119 women, are testing their electoral fortunes. About 19,300 polling stations have been set up in these 72 constituencies. The Election Commission has set up 118 'Sangwari' polling booths in various constituencies to encourage women to exercise their franchise. Flying squads have been keeping a close watch on illegal consignment of liqour etc. meant to influence the polls.

(ख) India was a direct colony of the British and the impact of this colonial rule over the economy, society and polity of India has been quite deep. Many serious consequences of the British Colonial Rule are still persisting and this makes the study of colonial phase of India very relevant for understanding many contemporary aspects of the Indian society.

It must be stated that direct colonial rule leaves a total impact on the colonised society because every aspect of social life is influenced by the policies of the colonisers. The colonial policies and interest penetrate (व्याप्त होना) every aspect of social life of a colony.

(ग) In the US, the deadliest wildfire in California's history has claimed at least 63 lives and left more than 600 people missing, as fire-fighters gained ground in containing and suppressing the flames. Some 500 rescue workers continued to search through debris for missing people in and around the northern town of Paradise. Nearly 12,000 structures, including at least 9,700 homes, have been destroyed. The blaze forced the evacuation of some 52,000 people who are staying in shelters. Schools across the San Francisco Bay Area were closed yesterday as winds carried smoke from the wildfires. San Francisco International Airport said, nearly 200 flights have been delayed because of low visibility and smoke.

(घ) The Reserve Bank of India (RBI) has decided to set up a high-powered committee to examine issues related to surplus capital of 9.69 lakh crore rupees with the central bank and advised it to consider a scheme for restructuring stressed assets in the Micro, Small and

Medium Enterprises. At a meeting of the Board in Mumbai last evening, it was also decided that the Committee would examine the issues concerning the banks health under the Prompt Corrective Action framework of the RBI. On the capital framework issue, the RBI will form an expert panel to study, if RBI has surplus reserves and whether the same should be transferred to the government.

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** अनुच्छेद का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 15

(क) भारत में जनजातीय आबादी का बहुत छोटा हिस्सा शहरों में रहता है। यह सही है कि लंबे समय तक जनजातीय लोग शहरी परिवेश से बहुत दूर थे। परन्तु संचार की वृद्धि और औद्योगीकरण की बढ़ी हुइ गति के कारण कुछ जनजातीय लोग शहरी क्षेत्रों में आ गए हैं। शहरीकरण धीमी प्रक्रिया है; लोगों को शहरी मूल्यों को अपनाने में कुछ समय लगता है। दूसरी ओर, औद्योगीकरण की प्रक्रिया में परिवर्तन बहुत तेजी से होता है। औद्योगिक परिवेश में, शुरू में बाहर से आने वाला समूह, क्षेत्र विशेष में ही बसता है और अपने में सिमटकर रहने का प्रयास करता है। लेकिन, काफी समय बीत जाने के बाद लोग इधर-उधर बिखर जाते हैं।

(ख) आपको सूचित किया जाता है कि जिन वस्तुओं (उत्पाद/माल) के लिए आपने माँग भेजी थी, वह माल दिनांक ............... को सवारी गाड़ी द्वारा आपको भेजा गया है। प्रेषित माल की रेलवे रसीद (बिल्टी) पत्र के साथ आपको पंजीकृत डाक द्वारा अलग से भेजी जा रही है। भेजी गई वस्तुओं का पूरा ब्यौरा भी पत्र में दिया गया है। रेलवे से माल लेने के लिए तत्परता से कार्य करें। इसलिए यदि रेलवे रसीद के पहुँचने से पहले ही प्रेषित माल आपके पास पहुँच जाए तो कृपया क्षतिपूर्ति बंध (indemnity bond) द्वारा प्रेषित माल प्राप्त कर लें ताकि विलंब शुल्क से बचाया जा सके। वस्तुओं को भेजने पर रास्ते में होने वाली कमी या टूट-फट जाने आदि के लिए कंपनी जिम्मेदार नहीं होगी।